**श्री सत्यनारायण छीपा, क्वार्टज एवं फैल्सपार माईन्स, पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई**

**दिनांक 16.12.2024 समयः प्रातः 11:30 बजे, कार्यालय ग्राम पंचायत, शोभजी का गुड़ा, ग्राम–बोडकी, तहसील–लसाडिया, जिला – सलूम्बर**

यह जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना (EIA Notification) दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिवस पूर्व आम सूचना स्थानीय समाचार पत्र दैनिक नवज्योति में दिनांक 29.10.2024 एवं राष्ट्रदूत समाचार पत्र में दिनांक 29.10.2024 को प्रकाशित करवा दी गई है।

यह जनसुनवाई "**श्री सत्यनारायण छीपा**" द्वारा प्रस्तावित **क्वार्ट्ज, फेल्सपार** खनन परियोजना (एम.एल. न. 02/2022 (लीज क्षेत्र 1.9477हैक्टेयर) क्लस्टर के अन्तर्गत सभी खनन पट्टो को शामिल करते हुए कुल क्लस्टर क्षेत्र 29.8761 हैक्टेयर, कलस्टर की प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 26,61,094 TPA (ROM) एवं एम.एल.न. 02/2022 की प्रस्तावित क्वार्ट्ज, फेल्सपार उत्पादन क्षमता 2,63,032 TPA (ROM) निकट ग्राम–बोडकी, तहसील – लसाडिया एवं जिला – सलूम्बर स्थित प्रस्तावित परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् आयोजित की गई है। उक्त प्रस्तावित परियोजना की लागत लगभग रू. 118 लाख है।

अतः परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जावेगी उसे ध्यानपूर्वक सुन तत्पश्चात् आपको यदि इसके बाबत् कोई सुझाव/शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दें जिसमें आप अपना नाम तथा गांव का नाम बताए साथ ही अपना सुझाव/शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझें हमें दे सकते हैं।

इस जनसुवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव/शिकायत की जावेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई की कार्यवाही की विडियोग्राफी भी ली जा रही है। इसकी सी.डी./डी.वी.डी. के अनुरूप कार्यवृत तैयार किए जायेंगे जिसको राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर को प्रेषित करेंगे क्योंकि इस इकाई को सन्दर्भ की शर्त (TOR) दिनांक 21.04.2023 को इस कमेटी द्वारा जारी की है एवं उसमें वर्णित समस्त शर्तों की उद्योग द्वारा पालना की जा रही है या की जायेगी जिसकी संपूर्णता सुक्षमता से जांच कर पर्यावरण स्वीकृति पत्र जारी करने की कार्यवाही करेंगे।

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
सलूम्बर (राज.)

लोक जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए परियोजना प्रस्तावक, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची (परिशिष्ठ "अ" में सलंग्न) है।

उपरोक्त के पश्चात इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार श्री रवि कुमार द्वारा उक्त इकाई के संबन्ध में तैयार की गई ई.आइ.ई रिपोर्ट संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी दी गई जो की संलग्नक ''ब''के अनुसार है।

अतः कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी के पश्चात श्री कुंज बिहारी पालीवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म. उदयपुर द्वारा उपस्थित आमजन को अपने आक्षेप, सुझाव, शिकायते रखने हेतु आंमत्रित किया गया जो कि निम्नानुसार हैः–

**श्री शुभम जी निवासी ग्राम कुण :–**

मैं यह जानना चाहता हू की जो भी प्रावधान आपने बताए, पौधारोपण, वन्यजीव संरक्षण और अन्य जानकारी ये सभी कार्य आने वाले समय में किए ही जाएगें इसकी क्या जिम्मेदारी है।

**पर्यावरणीय सलाहकारः–**

जो भी प्रावधान आज यहा बताए गए है जिसमें पौधारोपण एवं समाज कल्याण के कार्य शामिल है वे सभी कार्य करने हेतु परियोजना प्रस्तावक बाध्य है क्यो कि जो पर्यावरणीय स्वीकृती परियोजना को प्राप्त होगी उसमे ये सभी बाते सशर्त लिखी होती है। जिसको परियोजना प्रस्तावक को करना ही होता है तथा इन सभी शर्तो की अनुपालना रिपोर्ट भी हर 6 माह में इनको सम्बिधित विभागो में जमा करवानी पडेगी।

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर ,सलूम्बर :–**

अगर ये फिर भी ये कार्य नही करते है तो एवं इसकी मोनिटरिग किस तरह से कि जाएगी।इसके लिए खनन परियोजना पर कितनी बार विजिट के लिए जाते है। पौधारोपण कहा पर किया जाएगा।

**श्री कुंज बिहारी पालीवाल,वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म, उदयपुरः–**

इस हेतु मेडम अनुपालना रिपोर्ट इनको हर 6 माह में देनी होती है जो की सम्बधित विभागो द्वारा जांच कि जाती है जिसमें प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल विभाग भी है। तथा पाल्यूशन विभाग मुख्यतः पौधारोपण पर अधिक ध्यान देता है। एवं इ.सी के बाद इनको सम्मति लेनी होती है उसमे भी ये सभी शर्ते लिखी होती हैं। जो की अगर पूरी नही होती है। तो फिर नोटिस देकर पालना को कहा जाता है। तथा खनन परियोजना के क्षेत्रफल के आधार पर उसकी निरीक्षण की आकृति निर्धारित की जाती है। तथा खनन क्षेत्र के 33 प्रतिशत भाग पर इनको पौधारोपण करना होता है एवं समय समय पर राज्य सरकार के आदेश के अनुसार भी करना होता है। पौधारोपण खनन क्षेत्र अथवा आस पास गाँव में पचांयत भूमि, सामूदायिक केन्द्र पर लगाए जा सकते है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
सलूम्बर (राज.)

**श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सलूम्बर :–**

कितने पेड लगाए जाएगे।

**पर्यावरणीय सलाहकारः–**

परियोजना के क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत भाग में पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित हैं। एवं इस प्रकार 650 पौधो का लगाया जाना प्रस्तावित है।

**श्री कुंज बिहारी पालीवाल,वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म, उदयपुर :–**

ठीक है आप सभी पधारे, आपका धन्यवाद।

श्री कुंज बिहारी पालीवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि आपके द्वारा दिये गये सुझावों एवं आक्षेपो को जनसुनवाई के कार्यवृत में शामिल किया जावेगा तथा कार्यवाही विवरण की वीडियो, रिकॉर्डिंग सी.डी (परिशिष्ठ "स" में सलंग्न) एवं फोटोग्राफ (परिशिष्ठ "द" में सलंग्न) के साथ उन्हें राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जयपुर के समक्ष प्रेषित किया जावेगा। इसके बाद **वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, रा.प्र.नि.म., उदयपुर** महोदय ने **अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सलूम्बर** को इस जनसुनवाई को समाप्त करने हेतु निवेदन किया तत्पश्चात जनसुनवाई समाप्ति की घोषणा की गई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
सलूम्बर (राज.)

(राजलक्ष्मी गहलोत)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
जिला – सलूम्बर

(कुंज बिहारी पालीवाल)
वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
क्षे.का., रा.प्र.नि.म., उदयपुर

वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

श्री सत्यनारायण छीपा, क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार (एम. एल. नं. 02/2022, क्षैत्रफल– 1.9477 हैक्टेयर) प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 2661094 TPA (ROM) एवं प्रस्तावित क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार उत्पादन क्षमता 263032 TPA निकट ग्राम– बोड़की, तहसील–लसाड़िया, जिला–सलूम्बर पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई बाबत् दिनांक 16.12.2024 को प्रातः 11.30 AM बजे, कार्यालय ग्राम पंचायत, शोभजी का गुड़ा, तहसील–लसाड़िया, जिला–सलूम्बर में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिकगणः–

| क.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत | ADM, Salumber | [signature] |
| 2. | कृष्ण बिहारी पालीवाल | वरिष्ठ पर्या. अभियंता, रा. रा. प्र. नि. मंडल, उदयपुर | [signature] |
| 3. | सी. पी. जोनवार | रा. प्र. नि. म. उदयपुर | [signature] |
| 4. | सत्यनारायण छीपा | आसीन्द भीलवाड़ा राज | सत्यनारायण |
| 5. | महेन्द्र कोठारी | 17, तिलक नगर उदयपुर | [signature] |
| 6. | Ravi Kumar / Vibrant Technolab Pvt Ltd | Environment Consultant | [signature] |
| 7. | नानूराम (नानूराम जाट) | बोड़की | नानूराम |
| 8. | आशुराम जाट | बोड़की | आशुराम |
| 9. | शैतानसिंह राजपूत | बोड़की | शैतानसिंह |
| 10. | नाथूलाल मीणा | बोड़की | नाथूलाल |
| 11. | युवराज सिंह सोलंकी | भिण्डर | युवराज |
| 12. | कामनाथ आज़म | उदयपुर | [signature] |
| 13. | माधु जाट | शोभ जी का गुडा | |
| 14. | मानमल मीणा | शोभ जी का गुड़ा | मान |
| 15. | भगाराम | बोड़की | भगाराम |
| 16. | बगरू तिला | बोड़की | [signature] |
| 17. | शम्भूलाल | बोड़की | शम्भूलाल |
| 18. | करण सिंह | बोड़की | करण सिंह |
| 19. | विष्णु कुमार छीपा | भीलवाड़ा | [signature] |
| 20. | शंकर लाल | बोड़की | शंकर लाल |
| 21. | कैलाशचन्द छीपा | आसीन्द | कैलाशचन्द |

| क.सं. | व्यक्ति का नाम | पता/विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 22. | रामप्रकाश मंगानिया | भीलवाड़ा | |
| 23. | दिनेश कुमार दीपा | भीलवाड़ा | |
| 24. | Dal Chand Dangi | Udaipur | |
| 25. | छुड़ी बाई | शोभ जी का गुड़ा | |
| 26. | मोहली बाई | शोभ जी का गुड़ा | प्रेम जी |
| 27. | कमली बाई | शोभ जी का गुड़ा | कमली |
| 28. | प्यारी बाई | शोभ जी का गुड़ा | |
| 29. | कमली बाई | शोभ जी का गुड़ा | |
| 30. | भमरी बाई | शोभ जी का गुड़ा | भमरी |
| 31. | राजमोहन | बोरखेड़ा | राजम |
| 32. | गंगाराम | शोभ जीका गुड़ा | |
| 33. | महावीर वैष्णव | नेगड़िया | महावीर |
| 34. | श्रवण | आमेट | श्रवण |
| 35. | प्रवीण | बोडकी | प्रवीण |
| 36. | उदी बाई | शोभ जी का गुड़ा | |
| 37. | नारायण | मानकला | नारायण |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

